अमर उजाला 11/10/2024

नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा नशा मुक्ति पर रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के स्वयंसेवकों की ओर से कॉलेज परिसर में रैली निकालकर सभी को नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि नशा व्यक्ति के विवेक पर आक्रमण करता है, जिससे उसके सोचने- विचारने की शक्ति एवं ऊर्जा का पतन होने लगता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीश ने बताया कि अनेक नशा मुक्ति कार्यक्रम एवं अभियानों के बावजूद नशा प्रयोग करने वालों की गिनती दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। नशे की सरल उपलब्धता के कारण आज कई घर के युवा नशे के क्रय-विक्रय एवं प्रयोग में लिप्त हो चुके हैं। एक भारतीय होने के नाते हमारा उत्तरदायित्व बनता है कि हम स्वयं भी नशीले पदार्थों से स्वयं को दूर रखें। संवाद